शहीद दिवस पर कैटलिस्ट कॉलेज में आयोजित हुआ रक्तदान महाशिविर

रिकॉर्ड : कुल 410 यूनिट का एक ही दिन में हुआ रक्तदान

शहीद दिवस पर फूल से नहीं, बल्कि अपने लहू से श्रद्धांजलि अर्पित की छात्रों ने

कैटलिस्ट कॉलेज में आज दिनांक 30 जनवरी 2023 को, महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि पर शहीद दिवस के अवसर पर एक रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के छात्रों तथा शिक्षकों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया | इस रक्तदान महाशिविर के माध्यम से कुल 410 यूनिट ब्लड का संग्रहण हुआ | रक्त संग्रहण हेतु संस्थान में तीन ब्लड बैंक- महावीर कैंसर संस्थान, माँ ब्लड बैंक तथा पी.एम.सी.एच. के ब्लड बैंक ने हिस्सा लिया | महावीर कैंसर संस्थान से डॉ० सुबोध जी के नेतृत्व में 20 सदस्यीय दल तथा माँ ब्लड बैंक से डॉ० अमन के नेतृत्व में 22 सदस्यीय दल और पी.एम.सी.एच. से डॉ० निहारिका के नेतृत्व में 8 सदस्यीय दल का आगमन हुआ था | माँ ब्लड बैंक को कुल 209 यूनिट ब्लड, महावीर कैंसर संस्थान को 146 यूनिट ब्लड तथा पी.एम.सी.एच. को 55 यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ | ब्लड बैंक के प्रतिनिधियों ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या मे रक्तदान बिहार मे अपने आप मे एक राज्यस्तरीय रेकॉर्ड है |

इससे पहले छात्रों को रक्तदान के महत्व से अवगत कराते हुये निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि 'आज शहीद दिवस पर हम देश के शहीदों को फूलों की नहीं बल्कि अपने लहू की श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे |" उन्होने कहा कि 'रक्तदान अमूल्य है और यह जीवनदान के बराबर है | वहीं पी.एम.सी.एच., माँ ब्लड बैंक तथा महावीर कैंसर संस्थान के ब्लड बैंक से आये विशेषज्ञों ने कहा कि 'एक स्वस्थ व्यक्ति प्रत्येक तीन महीने में एक यूनिट का रक्तदान कर सकता है और हमारा शरीर इसकी पूर्ति कुछ ही दिनों स्वाभाविक रूप से कर लेता है | अतः रक्तदान से हमारे शरीर को ना तो नुकसान होता है और ना ही शरीर में रक्त की कमी होती है | उन्होने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में एक ही संस्थान से रक्तदान अभूतपूर्व है और ऐसा पहले कभी नहीं हुआ | राज्य के अन्य शैक्षिक संस्थानो को भी ऐसी पहल करनी चाहिए | उन्होने छात्रों के उत्साह की भूरी-भूरी प्रशंसा की |

इस रक्तदान कार्यक्रम में कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों तथा शिक्षेत्तर कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सभी ने रक्तदान किया | इसमें से कई-एक छात्र ऐसे भी थे, जो फर्स्ट टाईम डोनर थे | उन्होने इस रक्तदान शिविर में पहली बार ब्लड डोनेट किया और जीवन-दान के असीम सुख को अनुभव किया | इस अवसर पर निदेशिका मेघा अग्रवाल, डीन नीरज पोद्दार अन्य सभी शिक्षक तथा कर्मी भी मौजूद थे, जिन्होने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई |

CATALYST COLLEGE
BLOOD DONATION CAMP
30th January 2023
CATALYST COLLEGE
BLOOD DONATION CAMP
30th January 2023

EVERY BLOOD DONOR IS A
HERO
मानवता की ओर एक कदम
रक्तदान शिविर

महावीर कैंसर संस्थान
केन्द्र
पटना
322 ई एण्ड महावीर कैंसर संस्थान